वार्षिक रिपोर्ट
2003-04



भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

विषय सूची

1.	अधिशासी परिष्द	2
2.	सामान्य निकाय	3
3.	एसटीपीआई की प्रबंधकीय संरचना	4
4.	भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी परिदृश्य	5
5.	एसटीपीआई – एक विहंगम दृष्टि	7
6.	एसटीपी योजना और इसकी मुख्य विशेषताएं	8
7.	एसटीपीआई में पंजीकृत इकाईयां का कार्य निष्पादन	9
8.	एसटीपीआई का वित्तीय विश्लेष्ण	11
9.	उच्च गति आंकड़ा संचार सेवाएं	12
10.	नए एसटीपीआई केन्द्र	14
11.	आपदा क्षतिपूर्ति सेवाएं	15
12.	उद्भवन सुविधाएं	16
13.	परामर्श परियोजनाएं	17
14.	विपणन और व्यवसाय संवर्धन	20
15.	एसटीपीआई की अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाएं	22
16.	एसटीपीआई की नई पहल : जैव–सूचना प्रौधोगिकी पार्क	24
17.	लेखों का विवरण	27
18.	लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	30

अधिशासी परिषद*

अध्यक्ष

श्री दयानिधि मारन
माननीय केन्द्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

उपाध्यक्ष

श्री ब्रिजेश कुमार
सचिव,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

सदस्यगण

श्री अजीर विद्या
संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री पंकज अग्रवाल
संयुक्त सचिव,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री पी. के. मित्तल
उप महानिदेशक, (बी.एस.)
दूर संचार विभाग,
संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री ए. के. राहा
महानिदेशक, (प्रणाली एवं डेटा प्रबंध),
केन्द्रीय उत्पाद तथा सीमा शुल्क बोर्ड, राजस्व विभाग,
वित्त मंत्रालय

श्री एम. वी. पी .सी. शास्त्री
संयुक्त सचिव,
वाणिज्य मंत्रालय

श्री एल. सी. गोयल
संयुक्त सचिव (आई. एस.),
गृह मंत्रालय

श्रीमती रेणुका मट्टू
संयुक्त निदेशक,
आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय

श्री नलिन कोहली
अध्यक्ष,
इलेट्रॉनिकी एवं कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईएससी)

श्री किरण कार्णिक
अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर एवं सेवा कंपनी संघ (नेस्कॉम)

श्री अरुण जैन
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
मैसर्स पोलेरिस सॉफ्टवेयर लैब लि., चेन्नई

श्री पी. आर. वेंकट रामा राजा
उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
मैसर्स रामको सिस्ट्म्स, चेन्नई

श्री जी. द्विजेन्द्रनाथ
मुख्य प्रचालन अधिकारी,
अल्टोस सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजिज़ लि., चेन्नई

सदस्य सचिव

श्री एस.एन. जिन्दल
महानिदेशक,
भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

*नवम्बर, 2004 की स्थिति के अनुसार

सामान्य निकाय*

अध्यक्ष

श्री दयानिधि मारन
माननीय केन्द्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

उपाध्यक्ष

श्री ब्रिजेश कुमार
सचिव,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

सदस्यगण

श्री अजीर विद्या
संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री पंकज अग्रवाल
संयुक्त सचिव,
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री पी. के. मित्तल
उप महानिदेशक, (बी.एस.)
दूर संचार विभाग,
संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री ए. के. राहा
महानिदेशक, (प्रणाली एवं डेटा प्रबंध),
केन्द्रीय उत्पाद तथा सीमा शुल्क बोर्ड, राजस्व विभाग,
वित्त मंत्रालय

श्री एम. वी. पी .सी. शास्त्री
संयुक्त सचिव,
वाणिज्य मंत्रालय

श्री एल. सी. गोयल
संयुक्त सचिव (आई. एस.),
गृह मंत्रालय

श्रीमती रेणुका मट्टू
संयुक्त निदेशक,
आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय

सदस्य सचिव

श्री एस.एन. जिन्दल
महानिदेशक,
भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

*नवम्बर, 2004 की स्थिति के अनुसार

एस टीपीआई की प्रबंधकीय संरचना

अधिशासी परिषद

अधिशासी परिषद (जीसी) एसटीपीआई का शीर्ष प्रबंधकीय निकाय है, जो एसटीपीआई को निर्देश तथा कार्य प्रणाली का निरीक्षण करती है और नीतिगत निर्देश देती है । माननीय केन्द्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अधिशासी परिषद के **अध्यक्ष** हैं । सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार अधिशासी परिषद के **उपाध्यक्ष** हैं । अधिशासी परिषद के सदस्य वाणिज्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग संघ आदि का प्रतिनिधित्व करते हैं ।

महानिदेशक

महानिदेशक, अधिशासी परिषद के संपूर्ण मार्गदर्शन के अंतर्गत एसटीपीआई के प्रबंध तथा प्रचालन के लिए उत्तरदायी हैं। संस्था के कुशल प्रचालन के लिए उन्हें आवश्यक कार्यकारी शक्तियां तथा प्राधिकार प्रत्यायोजित किए गए हैं ।

निदेशकों की कार्यकारी समिति

निदेशकों की कार्यकारी समिति (ईसीओडी) में एसटीपीआई के विभिन्न केन्द्रों के चुनिन्दा निदेशक शामिल होते हैं । अधिशासी परिषद ने ईसीओडी को

सभी आम मुद्दों, प्रक्रियाओं, अनुयोजनाओं तथा कार्य - निष्पादनों तथा कार्य निष्पादन समीक्षाओं के लिए विशिष्ट शक्तियां प्रत्यायोजित की हैं ।

स्थायी कार्यकारी बोर्ड

एसटीपीआई केन्द्रों में स्थानीय प्रबंध समितियां हैं जिन्हें स्थायी कार्यकारी बोर्ड (एसईबी) के रूप में जाना जाता है तथा जिसका गठन स्थानीय स्तर पर कार्यकलापों की व्यवस्था करने के लिए किया गया है । ये समितियां अधिशासी परिषद के प्रत्यायोजित अधिकार के अंतर्गत कार्य करती हैं ।

निदेशक

निदेशक प्रत्येक एसटीपीआई केन्द्र का प्रमुख होता है । वह केन्द्र का तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रमुख है और निदेशक प्रत्यायोजित अधिकारों के माध्यम से केन्द्र के दैनिक कार्यकलापों के प्रबंध और केन्द्रों के अबाध प्रचालन के लिए उत्तरदायी हैं ।



भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी परिदृश्य

सूचना प्रौद्योगिकी की प्रगति की दिशा व गति ने विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक गतिविधियों के प्रेरण, कुशल प्रशासन और समाज के सूचना सशक्तिकरण में सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व को स्वीकार करने के लिए बाध्य किया है । सूचना प्रौद्योगिकी एक उद्योग के रूप में भी कदाचित आज विश्व में सबसे बड़ा और त्वरित विकासमान एवं सर्वाधिक लाभकारी उद्योग है। सूचना प्रौद्योगिकी में पूंजी निवेश के गुणक प्रभाव सर्वाधिक हैं जो अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों की तुलना में इस क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दर्शित होते हैं । भारत में सूचना प्रौद्योगिकी की संभावनाएं कई रूपों में साबित हुई हैं । सूचना प्रौद्योगिकी आर्थिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में अधिकाधिक उत्पादकता और संपन्नता के संवर्धन की नयी प्रवृत्तियां शुरू कर चुकी है ।

सॉफ्टवेयर और सेवा उद्योग, जो भारत के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र का एक प्रमुख घटक है, की जोरदार वृद्धि देश के किसी अन्य उद्योग की तुलना में कहीं अधिक है । अग्रणी कंपनियां या तो भारत में अपने केन्द्र खोल रही हैं अथवा अपने कार्यकलापों का विस्तार कर रही हैं या फिर अपनी विद्यमान आधारभूत सुविधाओं को उन्नत बना रही हैं और इस तरह भारत एक आकर्षक पूंजी निवेश गंतव्य बना हुआ है । अग्रणी वैश्विक कंपनियों द्वारा अपने सूचना प्रौद्योगिकी कार्यों को भारतीय कंपनियों से कराने के कार्यों ने भी विश्व प्रवृत्तियों के अनुरूप ही वर्ष 2003 - 04 की अवधि में गति पकड़ी है।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र का निष्पादन मुख्यत: सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर एवं सेवा निर्यात, आईटीईएस सेवाएं, घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी बाजार, दूरसंचार अवसंरचना तथा उद्यम पूंजी जैसे क्षेत्रों में विकास की दशा और दिशा से निर्धारित होता है । सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग से अर्जित आय में सॉफ्टवेयर एवं सेवा निर्यात से अर्जित आय शीर्ष स्थान पर बनी हुई है और भारतीय उद्योग जगत के सर्वांगीण विकास में निर्णायक कारक बनी रहेगी । भारतीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पथ प्रदर्शकों ने इस निर्यातोन्मुखी सॉफ्टवेयर क्षेत्र में प्रमुख दीर्घकालीन परियोजनाएं शुरू की हैं तथा वैश्विक आउटसोर्सिंग बाजार में भारतीय कंपनियों की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है ।

वर्ष 2003 - 2004 में निर्यात किए गए सॉफ्टवेयर एवं सेवाओं का मूल्य लगभग 56,500 करोड़ रुपये (12.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर) है जो रुपये की दृष्टि से 22.5 प्रतिशत तथा डॉलर की दृष्टि से 30.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । इस तरह इस क्षेत्र में अच्छी विकास दर प्रमाणित हुई है ।

सॉफ्टवेयर सेवा प्रदायगी क्षेत्र में स्थापना स्थल राजस्व की तुलना में विदशी परियोजना राजस्व में भी 49 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई, जो वर्ष 2002 - 03 के दौरान 12 प्रतिशत थी । भारतीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कंपनियां संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा नए क्षेत्रों में भी दस्तक दे रही हैं । यद्यपि संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय सॉफ्टवेयर समाधानों का अभी भी वृहद्तम प्रयोक्ता है । संयुक्त राज्य अमेरिका का राजस्व योगदान लगातार बढ़ रहा है क्योंकि आईटीईएस/ बीपीओ परियोजनाओं का अधिकाधिक कार्य भारत से कराया जा रहा है । भारतीय कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण सेवा क्षेत्र में परंपरागत अनुप्रयोग विकास तथा अनुरक्षण प्रयोग, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं का आउटसोर्सिंग, अनुसंधान एवं विकास सेवाओं का शीर्ष स्थान बरकरार रहने के कारण भारत को वैश्विक बीपीओ गंतव्य के तौर पर अधिमान्यता दी जा रही है। बीपीओ क्षेत्र के कार्यकलापों में कई नए कार्य शामिल होने के कारण सहायक सेवाओं का एक नया समूह उभर रहा है ।

भारतीय कंपनियों ने संवेष्ठित सॉफ्टवेयर सहायता और प्रतिष्ठापन, उत्पाद विकास, डिजायन सेवाएं और अंत: निर्मित सॉफ्टवेयर समाधान जैसे क्षेत्रो में भी धीमी प्रगति की है ।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं में व्यवसाय प्रक्रिया आउटसोर्सिंग (बीपीओ) क्षेत्र एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है । भारत के अधिकांश बड़े शहरों में आईटीईएस/बीपीओ उद्योग पूरी तरह सुस्थापित है । इन सेवाओं के अग्रणी केन्द्रों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुम्बई, बंगलौर, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, कोच्ची, अहमदाबाद एवं पुणे शामिल हैं । आईटीईएस/बीपीओ उद्योग में वर्ष 2003 - 2004 में 54 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने तथा 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की निर्यात आय अर्जित होने का अनुमान है । आईटीईएस/बीपीओ उद्योग के ग्राहक देखभाल, वित्त एवं बीमा, मानव संसाधन, प्रशासन, विपत्रीकरण और अदायगी सेवा आदि के क्षेत्र में विकास जारी है । भारतीय आईटीईएस/बीपीओ क्षेत्र में इस वृद्धि के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लाभदायक स्थिति प्राप्त है। जिनमें श्रेष्ठ गुणवत्ता व कार्यशैली वाली कुशल अंग्रेजी भाषी जनसमूह, भारत की दूरसंचार नीतियों का उदारीकरण, भौतिक आधारभूत सुविधाओं का विकास, भारत में गैर - महत्वपूर्ण प्रक्रिया आउटसोर्सिंग से संबंधित सुदृढ़ लागत/मूल्य अनुपात शामिल है । भारत की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति 24X 7 सेवा प्रदायगी में इसे सक्षम बनाती है और समय क्षेत्रों के अंतराल के कारण संदेशों की आवाजाही में कम समय लगता है । अन्य लाभदायक कारकों में स्वस्थ विनियामक परिवेष, प्रचालन कार्यों को बढ़ाने में आसानी एवं कार्यों में तत्परता के अतिरिक्त गहरी प्रतिस्पर्द्धा शामिल है ।

घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी बाजार वर्ष 2002 - 03 के दौरान 317 बिलियन रुपए की सीमा तक पहुंच गया जिसमें सॉफ्टवेयर और सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 137 बिलियन रुपये था । सूचना और संचार प्रौद्योगिकी बाजार वर्ष 2001 - 02 के दौरान बढ़कर 291 बिलियन रुपये हो गया । घरेलू भारतीय सॉफ्टवेयर और सेवा क्षेत्र, सॉफ्टवेयर चोरी की उच्च दर, सॉफ्टवेयर मूल्यों पर दबाव तथा घरेलू कंपनियों में सूचना प्रौद्योगिकी प्रसार की निम्न दर जैसे कारणों से निर्यात क्षेत्र की तुलना में लगातार पिछड़ रहा है। घरेलू सॉफ्टवेयर बाजार वर्ष 2001 - 02 के 18 प्रतिशत के स्तर से गिरकर वर्ष 2002 - 03 में लगभग 13 प्रतिशत रह गया । महत्वपूर्ण प्रसार क्षेत्रों जैसे कि बैंकिंग और विनिर्माण में सूचना प्रौद्योगिकी पर कम व्यय इसके लिए दायी हैं ।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर और सेवा उद्योग की भारत के सकल घरेलू उत्पाद तथा निर्यात में हिस्सेदारी क्रमश: लगभग 2.64 प्रतिशत और 21.3 प्रतिशत है, जिसके वर्ष 2008 तक क्रमश: 7 प्रतिशत और 35 प्रतिशत बढ़ने का लक्ष्य है । भारत के प्रगतिशील भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर और सेवा उद्योग को वर्ष 2008 तक 57 - 65 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाने की संभावना है । इसका तात्पर्य है कि संगत बाजार में इसकी भागेदारी 6 प्रतिशत होगी । आईटीईएस - बीपीओ क्षेत्र का निर्यात वर्ष 2008 तक 21 से 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक होने की संभावना है ।

भारत के सूचना प्रौद्योगिकी और आईटीईएस क्षेत्र में मार्च 2004 की स्थिति के अनुसार 813,500 व्यवसायविद् नियोजित थे जिसमें भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर और सेवा उद्योग में 260,000 तथा आईटीईएस - बीपीओ क्षेत्र में लगभग 245,000 और घरेलू सॉफ्टवेयर बाजार में 28,000 एवं प्रयोक्ता संगठनों में 280,000 से अधिक व्यक्ति नियोजित थे।

एस टीपीआई – एक विहंगम दृष्टि

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की तेजी से बढ़ती क्षमताओं और कुशलताओं ने यह नया विश्वास जगाया है कि भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग निकट भविष्य में जोरदार विश्व स्तरीय आर्थिक संवृद्धि दर उपलब्ध कराएगा। आज सूचना प्रौद्योगिकी का प्रसार लगभग प्रत्येक क्षेत्र में हो गया है और उद्योग की व्यापक पहुंच हो गयी है । भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी को महत्वपूर्ण क्षेत्र मानते हुए वर्ष 1986 में एक नीति घोषित की जिसने '**सॉफ्टवेयर निर्यात, सॉफ्टवेयर विकास तथा प्रशिक्षण को**' सर्वाधिक महत्व का क्षेत्र बना दिया । सरकार ने सॉफ्टवेयर उद्योग की वृद्धि में बाधा बनने वाले कारकों की पहचान करके देश से सॉफ्टवेयर निर्यात को बढ़ावा व प्रोत्साहन देने के लिए सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपी) नामक योजना को स्थापित किया ।

उपर्युक्त लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण पक्ष शामिल करते हुए उचित ढांचा तैयार किया गया :

- प्रक्रियाओं का सरलीकरण/तर्कसंगत बनाना
- उद्योग के लिए एक ही स्थल पर संपर्क सेवा उपलब्ध कराना
- बहुत ही कम प्रतीक्षा अवधि में निर्यात प्रचालनों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना
- भागीदारी आधारित स्वउपभोग्य आधारभूत सुविधाऐं जैसे कि अभिकलन संसाधन और डेटा संचार सेवाओं को मितव्ययिता से उपलब्ध कराना

यह ढांचा इस प्रकार से तैयार किया गया ताकि सामान्य रूप से सॉफ्टवेयर निर्यात उद्योग को और विशेषकर लघु एवं मंझौले क्षेत्र से सॉफ्टवेयर निर्यात को सुकर बनाने के साथ ही साथ विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाकर देश की आर्थिक संवृद्धि दर को तेज किया जा सके । भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) की स्थापना एसटीपी योजना को लागू करके तथा आधारभूत सुविधाएं जैसे कि उच्च गति आंकड़ा संचार (एचएसडीसी) संपर्क उपलब्ध कराकर सॉफ्टवेयर उद्योग के संवर्धन और विकास तथा सॉफ्टवेयर निर्यात में वृद्धि करने के लिए की गई थी ।

भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत 6 जून, 1991 को स्थापित किया गया था और संस्था पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन इसे एक स्वायत्त संस्था के रूप में पंजीकृत किया गया । इसने आंकड़ा संचार की आधारभूत सुविधाओं का प्रबंध करने तथा प्रौद्योगिकी मूल्यांकन एवं सॉफ्टवेयर निर्यातकों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व लिया था ।

एस टीपी योजना और इसकी मुख्य विशेषताएं

एसटीपी योजना विशेषकर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के विकास और निर्यात के लिए तैयार की गई थी जो एक शतप्रतिशत निर्यातोन्मुखी योजना है, जिसका जोर गुणात्मक प्रोत्साहनों के साथ साथ व्यवसायिक सेवाओं के निर्यात को सुकर बनाना है । इस योजना की प्रकृति इस रूप में अद्वितीय है कि यह एक ही क्षेत्र/उत्पाद अर्थात कंप्यूटर सॉफ्टवेयर पर केंद्रित है। इस योजना में भारत सरकार की निर्यातोन्मुखी इकाईयां (ईओयू), निर्यात संसाधन क्षेत्र (ईपीजेड) और विश्व में अन्यत्र चल रहे विज्ञान पार्कों/प्रौद्योगिकी पार्कों की अवधारणा का एकीकरण है ।

एसटीपी योजना अद्वितीय है क्योंकि यह सदस्य इकाईयों को एकल स्थान पर संपर्क सेवा उपलब्ध कराती है और उन्हें विश्व मानकों के अनुरूप निर्यात प्रचालन कार्यों के योग्य बनाती है ।

एसटीपी योजना की प्रमुख विशेषताएं :

- एकल खिड़की अनुमोदन प्रक्रिया के तहत स्वीकृति ।
- शतप्रतिशत विदेशी साम्या पूंजी की अनुमति ।
- एसटीपी इकाईयों द्वारा आयातित वस्तुओं/स्थानीय रूप से खरीदी गई वस्तुऐं पूर्णत: शुल्कमुक्त ।
- पुरानी पूंजीगत वस्तुओं का भी आयात किया जा सकता है।
- कुल निर्यात मूल्य के 50 प्रतिशत तक की घरेलू बाजार में बिक्री की अनुमति है ।
- आयकर अधिनियम की धारा 10 क और धारा 10 ख के अधीन आयकर लाभ ।
- शुद्ध विदेशी मुद्रा (एनएफई) सहित न्यूनतम निर्यात बाध्यता ।

एस टीपीआई में पंजीकृत इकाइयां का कार्य निष्पादन

एसटीपी इकाइयां

वर्ष 2003 - 04 के दौरान एसटीपी योजना में 805 नई इकाइयां पंजीकृत की गई । 31 मार्च 2004 की स्थिति के अनुसार 5587 इकाइयां कार्यरत थीं जिनमें से 3910 इकाइयां वास्तव में निर्यात कर रहीं थीं । शेष इकाइयां कार्य निष्पादन के विभिन्न स्तरों पर थीं क्योंकि यह योजना कंपनियों को व्यवसायिक उत्पादन शुरू करने के लिए 3 वर्ष का समय देती है । विगत 4 वर्षों के दौरान इन प्रचालित इकाईयों और निर्यातक इकाइयों की वृद्धि दर नीचे दिए अनुसार है ।



निर्यात

एसटीपी इकाइयों के जरिए सॉफ्टवेयर निर्यात में वर्ष 2003-04 के दौरान विगत वर्ष की तुलना में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई अर्थात यह 37,176 करोड़ रुपये से बढ़कर 51,458 करोड़ रुपये हो गया । राष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क इकाइयों से 90 प्रतिशत निर्यात होता है अर्थात देश में सॉफ्टवेयर निर्यात से अर्जित 57,375 करोड़ रुपये मूल्य की आय में एसटीपीआई इकाइयों का योगदान 51,458 करोड़ रुपये है ।

पंजीकृत इकाइयों द्वारा एसटीपीआई के माध्यम से विगत 3 वर्षों के दौरान किए गए सॉफ्टवेयर निर्यात का राज्यवार ब्योरा नीचे दिए अनुसार है:

(करोड़ रुपये में)

क्र.स.	राज्य	2001-02	2002-03	2003-04
1	कर्णाटक	9904	12350	18100
2	महाराष्ट्र	4603	5508	8518
3	तमिलनाडु	5014	6305	7621
4	आंध्र प्रदेश	2805	3668	5025
5	हरियाणा	2140	2734	4292
6	उत्तर प्रदेश	2000	2541	2750
7	दिल्ली	1750	2065	2398
8	पश्चिम बंगाल	604	1200	1600
9	उड़ीसा	213	260	319
10	केरल	159	165	212
11	मध्य प्रदेश	88	107	102
12	गुजरात	122	105	141
13	पंजाब	70	70	182
14	राजस्थान	45	47	130
15	चंडीगढ़	NIL	31	39
16	पांडिचेरी	6	15	22
17	हिमाचल प्रदेश	NIL	3	5
18	उत्तरांचल	NIL	0.5	1
19	जम्मू और कश्मीर	NIL	0.4	1
	योग	29,523	37,176	51,458

एस टीपीआई का वित्तीय विश्लेषण

एसटीपीआई का कुल राजस्व सृजन (संपरीक्षित) वित्तीय वर्ष 2003 - 04 के दौरान 125.25 करोड़ रुपये, राजस्व व्यय 36.88 करोड़ रुपये के प्रचालन आधिक्य सहित 88. 37 करोड़ रुपये है । वित्तीय वर्ष 2003 - 04 के लिए मूल्य ह्रास 22.21 करोड़ रुपये और मूल्य ह्रास की कटौती के पश्चात् शुद्ध लाभ 14.67 करोड़ रुपये है ।

एसटीपीआई का वित्तीय कार्य निष्पादन

राजस्व एवं व्यय

एसटीपीआई ने राजस्व सृजन की दृष्टि से स्थिर वृद्धि दर से प्रगति की है । वर्ष 2001 - 02 तक राजस्व सृजन में प्रत्येक वर्ष वृद्धि हुई और एसटीपीआई के राजस्व में वर्ष 2002 - 2003 के दौरान पहली बार नकारात्मक वृद्धि हुई है । वित्तीय वर्ष 2001 - 02 के दौरान कुल राजस्व आय 127 करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2002 - 03 के दौरान गिरकर 109.5 करोड़ रुपये रह गई । वित्तीय वर्ष 2003 - 04 में राजस्व आय 125.25 करोड़ रुपये तक हुई थी । नीचे दिया गया पैराग्राफ राजस्व और व्यय प्रवृत्तियों को इंगित करता है ।

उच्च गति आंकड़ा संचार सेवाएं

एसटीपीआई का सॉफ्टवेयर निर्यात क्षेत्र में एक उल्लेखनीय योगदान उच्च गति आंकड़ा संचार (एचएसडीसी) सेवाएं उपलब्ध कराना है। एसटीपीआई द्वारा डिजायन और विकसित की गई सॉफ्टनेट, अद्यतन एचएसडीसी नेटवर्क सॉफ्टवेयर निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर उपलब्ध है। एसटीपीआई को वर्ष 2003-04 में सॉफ्टवेयर उद्योग को एचएसडीसी संपर्क उपलब्ध कराने के लिए 40 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय गेट्वे स्थापित करने का श्रेय जाता है।

एसटीपीआई केन्द्रों में स्थानीय रूप में अंतर्राष्ट्रीय गेट्वे तक स्थानीय पहुंच स्थल से स्थल एवं एक स्थल से बहुस्थल के जरिए सूक्ष्म रेडियो तरंगों के जरिये उपलब्ध कराई जाती है जिससे अंतिम छोर तक पहुंचने की समस्या का समाधान हो गया है और एसटीपीआई समय का 99.9 % कुशलता पूर्वक उपयोग करने में सक्षम हुई हैं। जहां कहीं संभव है वहां क्षैतिज केबल (तंतु/ताम्र) भी प्रयुक्त किए जाते हैं। ये सुविधाएं अपतटीय सॉफ्टवेयर गतिविधियों के विकास में भारी योगदान देते हैं और इन उद्यमों की सफलता की रीढ़ है।

एसटीपीआई के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार प्रचालकों के साथ कार्यशील समझौते हैं जिनमें एटीएण्डटी, एमसीआई, स्प्रिंट, ब्रिटिश टेलीकॉम एवं प्रमुख उपग्रह सेवा प्रदाता जैसे इंटल सेट, न्यू स्काई सेटेलाईट आदि शामिल हैं।

एसटीपीआई अपने नेटवर्क के जरिए निम्नलिखित एचएसडीसी सेवाएं उपलब्ध कराती है :

- अंतर्राष्ट्रीय निजी पट्टाकृत परिपथ (आईपीएलसी)
- भागीदारी आधारित इंटरनेट सेवा
- मूल्य संवर्धित सेवाएं

सॉफ्ट प्वाइंट

सॉफ्ट प्वाइंट सेवा 'अंतर्राष्ट्रीय निजी पट्टाकृत परिपथ' (आईपीएलसी) है। आईपीएलसी अंकीय परिपथ हैं जो अंतर्राष्ट्रीय आंकड़ा संचार और संप्रेषण आदि में प्रयुक्त होते हैं। आईपीसीएल सुरक्षित एवं पूर्णतः प्रयोक्ता अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय आंकड़ा संप्रेषण का भारी कार्य करने वाली कंपनियों के लिए आदर्श साधन हैं।

यह आपके व्यवसायिक ग्राहक को विश्व में कहीं भी कभी भी प्वाइंट-टू-प्वांइट कुशल, विश्वसनीय तथा सुरक्षित संपर्क उपलब्ध कराता है। विभिन्न प्रकार के आंकड़ों के संप्रेषण की तेज गैति सेवाओं का यथा आवश्यक विस्तार करने में सक्षम है। ये सेवाएं उपग्रह और तंतु पर भी उपलब्ध हैं।

एसटीपीआई इस समय उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सेवाएं देने के लिए इंटल सैट, न्यू स्काई उपग्रह, आईपीस्टार आदि की सेवाएं ले रही है। अमेरिका के लिए प्रत्यक्ष उपग्रह फुट प्रिंट की कमी के कारण यूरोप में उपग्रह से अधोसंपर्क स्थापित किया जाता है और वहां से उत्तरी अमेरिका और यूरोप के सभी भागों में तंतु संपर्कों यथा ट्रांस अटलांटिक केबल्स के जरिए सभी भागों में भेजा जाता है।

सॉफ्ट लिंक

इंटरनेट आज प्रत्येक देश में संचार का प्रमुख माध्यम बनकर उभर रहा है। आज उन लोगों में जो वेब से जुड़ना चाहते हैं, अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। सॉफ्टवेयर निर्यातकों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले इंटरनेट संपर्क एक आवश्यकता बन गए हैं और कई सॉफ्टवेयर उद्यमी वैश्विक इंटरनेट प्रोटोकॉल, प्लेटफार्म पर कार्य कर रहे हैं।

सॉफ्ट लिंक ऐसी सेवा है जो भागीदारी और समर्पित आधार पर इंटरनेट पहुंच उपलब्ध करा रही है। यह सेवा उद्योग जगत में बेहतर गुणवत्ता एवं समर्पित सेवा की बढ़ती मांग को पूरा करने की दृष्टि से शुरू की गई थी। आज एसटीपीआई की डेटा कॉम सेवाओं में सॉफ्ट लिंक सेवा का ग्राहक आधार बहुत व्यापक है।

उच्च गति आंकड़ा संचार सेवाएं

अंतर्राष्ट्रीय फाइबर क्षमता

एसटीपीआई ने उपग्रह सेवाओं का प्रयोग करके अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं (क्यूओएस) उपलब्ध कराकर एक विशिष्ट छवि हासिल कर ली है। एसटीपीआई ने देश भर में 40 उपग्रह गेट्वे स्थापित किए हैं और इस समय 250 एमबीपीएस की बैंडविड्थ हासिल है । ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मिशन उपयोगी तथा तात्कालिक अनुप्रयोग के लिए यह आवश्यक है कि उच्च विश्वसनीयता और कम सप्रेषण विलंब वाली बैंडविड्थ उपलब्ध कराई जाए। प्रकाश तंतुओं में सप्रेषण विलंबन उपग्रह सप्रेषण की तुलना में बहुत कम है । अत: उद्योग की विशिष्ट और उन्नत आवश्यकताओं को पूरा करने और नये व्यवसाय हासिल करने के लिए एसटीपीआई को यह आवश्यक हो गया कि वह तंतु आधारित सेवा उपलब्ध कराए ।

एसटीपीआई ने ग्राहकों की फाईबर आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग को पूरा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू फाइबर बैंडविड्थ प्राप्त की है। एसटीपीआई इससे आईपीएलसी एवं आईपी सेवाएं फाइबर पर प्रदान करने में सक्षम हुई है।

एसटीपीआई भारतीय कंपनियों और अमेरिकी ग्राहकों को फाइबर आधारित पूर्ण परिपथ आईपीएलसी सेवाएं आकर्षक दरों पर प्रदान कर रही हैं । चूंकि इसमें ग्राहकों को एक ही स्थान पर समाधान मिल जाता है अत: यह एक ही स्थान पर संपर्क और समन्वय की सुविधा सुकर बनाता है । जब परंपरागत द्विपक्षीय सेवाओं से इसकी तुलना करते हैं तो इसका कार्यान्वयन अथवा तैनाती अपेक्षाकृत तीव्र है । इन सेवाओं में अपटाईम बहुत अधिक है और प्रतिस्थापन समय बहुत कम है। यह बैंडविड्थ nx64 केबीपीएस अथवा nx E1 अथवा 1xDS3 के गुणक में उपलब्ध करायी जाती है।

ग्राहकों को गोपनीयता और विश्वसनीयता की दृष्टि से बेहतर गुणवत्ता की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एसटीपीआई ने इंटरनेट बैकबोन हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका के टायर-1 सेवा प्रदाताओं से संबंध स्थापित किया है। एसटीपीआई की इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों को एसटीपीआई के इंटरनेट गेट्वे के जरिए संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित टायर-1 सेवा प्रदाताओं के बैकबोन से जोड़ा जाएगा । यह बैंडविड्थ nx 64 केबीपीएस अथवा nxE1 के गुणक में उपलब्ध करायी जाती है ।

अभिगम्यता नेटवर्क/अंतिम छोर तक संपर्क (लोकल लूप)

1990 के शुरूआती दशक में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के विकास के साथ बैंडविड्थ की मांग भी अधिक थी । अंतर्राष्ट्रीय बैंडविड्थ उपलब्ध थी किन्तु अंतिम छोर पर संपर्क का इसमें अभाव था । इस अभाव को दूर करने के लिए, एसटीपीआई ने एक स्थल से दूसरे स्थल तक और एक स्थल से अन्य स्थलों तक सूक्ष्म तरंग नेटवर्क का प्रयोग करते हुए स्वयं का अंकीय सूक्ष्म तरंग नेटवर्क स्थापित किया । यह ग्राहकों की मूल आवश्यकताओं को पूरा करता था । एसटीपीआई के संपूर्ण नियंत्रण में इस नेटवर्क को एक स्थल से दूसरे स्थल तक रेडियो नेटवर्क के अतिरिक्त 2 एमबीपीएस, NxE1 संपर्क उपलब्ध कराने के लिए और सुदृढ़ किया गया।

एसटीपीआई रेडियो तरंग के जरिए अंतिम छोर तक संपर्क स्थापित करने के अतिरिक्त जहां कहीं संभव है वहां यह संपर्क फाइबर पर भी उपलब्ध करा रही है ।

आईएसडीएन लाइनों का प्रयोग करते हुए लीज्ड इंटरनेट अभिगम्यता

एसटीपीआई आईएसडीएन लाईनों के जरिए भी ग्राहकों को इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है । इस समय यह सेवा आईएसडीएन बीआरआई के लिए उपलब्ध है और 64 केबीपीएस अथवा 128 केबीपीएस का पट्टाकृत संपर्क उपलब्ध है । कभी-कभी आईएसडीएन सेवाओं को लीज लाईन्स कनेक्टिविटी के विकल्प के तौर पर भी उपयोग में लाया जाता है ।

अन्य मूल्य संवर्धित सेवाएं

एसटीपीआई सदस्य इकाइयों को आईपीएलसी और इंटरनेट सेवाओं के अतिरिक्त वेब होस्टिंग, नेटवर्क परामर्श, रूफ टॉप समाधान, सर्वरों का अनुरेखण आदि सेवाएं उपलब्ध कराती है।

नए एसटीपीआई केन्द्र

एसटीपीआई पहले ही 40 एसटीपीआई केन्द्र स्थापित कर चुकी है और इनमें से 17 केन्द्र श्रेणी-1 के शहरों (10 लाख से अधिक जनसंख्या), 12 केन्द्र द्वितीय श्रेणी के शहरों में (5 से 10 लाख जनसंख्या) और 11 केन्द्र तृतीय श्रेणी के शहरों में (5 लाख से कम जनसंख्या) स्थित हैं। एसटीपीआई ने वर्ष 2003-2004 के दौरान झारखण्ड राज्य के राँची नामक स्थान पर एक नया एसटीपीआई केन्द्र और उच्च गति आंकड़ा संचार सुविधा स्थापित की है।

एसटीपीआई केन्द्र

(मानचित्र पैमाने पर नहीं)

आपदा क्षतिपूर्ति सेवाएं

एसटीपीआई सेवा की गुणवत्ता और एकल खिड़की तंत्र पर विशेष ध्यान देते हुए अपने ग्राहकों को आपदा क्षतिपूर्ति सेवाएं प्रदान करती है । मूल्यवान और महत्वपूर्ण उद्यम आंकड़ा प्रबंधन प्रत्येक व्यवसाय के प्रचालन हेतु एक मुख्य आवश्यकता है । कंपनियां प्रतिदिन अपने सतत् बढ़ते आंकड़ों को डेटाबेस अभिलेखों से ई-मेल तथा ई-मेल से विडियो फाइलों में एकत्र करती है । अधिक से अधिक व्यवसाय और सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक आपदाओं से सुरक्षा हेतु आंकड़ा बैक - अप की बढ़ती आवश्यकता के मद्देनजर जटिल आंकड़ों के प्रबंधन के लिए बेहतर उपायों की तलाश में हैं । एक उद्यमी के व्यवसाय की सफलता हेतु आंकड़ा संग्रहण, महत्वपूर्ण व्यवसाय आसूचना की सुरक्षा और उसकी पुन: प्राप्ति काफी महत्व रखते हैं।

आपदा से निपटने संबंधी बुनियादी संरचना

एसटीपीआई आंकड़ा केन्द्र पर मूलभूत सेवा संरचना के निम्नलिखित अवसंरचना घटक होते हैं :

- संग्रहण उप प्रणाली
- टेप लाइब्रेरी उप प्रणाली
- एसएएन स्वीच
- बैकअप उपप्रणाली
- आपदा क्षतिपूर्ति प्रबंधन उपप्रणाली

एसटीपीआई अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तर की दूरस्थ आंकड़ा संरक्षण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है । **ये सेवाएं प्रारम्भ में नोएडा, बंगलोर, हैदराबाद और नवी मुम्बई में शुरू की जाएंगी ।**



उद्भवन सुविधाएं

एसटीपीआई अपरिपक्व इकाइयों, उद्यमियों, लघु एवं मझौले उद्यमियों के संवर्धन एवं विकास के लिए उद्भवन सुविधा उपलब्ध करा रही है । एसटीपीआई द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उद्भवन सुविधाओं में प्रयोग के लिए तैयार निर्मित स्थान, डेटा कॉम संपर्क, विद्युत आपूर्ति आदि शामिल हैं । अपरिपक्व इकाइयों को उद्भवन सुविधाओं से न्यूनतम प्रतीक्षा अवधि तथा न्यूनतम लागतों में अपने कार्यकलाप शुरू करने में सहायता मिलती है । एसटीपीआई ये उद्भवन सुविधाएं अपने प्रमुख केन्द्रों पर उपलब्ध करा रही है । एसटीपीआई नए उभरते उद्यमियों और लघु एवं मझौले उद्यमियों की वृद्धि को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए सस्ती दरों पर उद्भवन सुविधा उपलब्ध कराती हैं। इन सुविधाओं में निर्मित क्षेत्र के साथ-साथ प्लग-एण्ड-प्ले सुविधाएं शामिल हैं । एसटीपीआई ने देश भर में स्थित अपने केन्द्रों के जरिए लगभग 3 लाख वर्ग फुट में उद्भवन सुविधाएं उपलब्ध कराई है ।

दूसरी प्रमुख पहल का लक्ष्य एसटीपीआई और इसकी कंपनियों की कॉमडेक्स, सीबीट जैसी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी प्रदर्शनियों और अन्य सम्मेलनो में भाग लेकर भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों का अंतर्राष्ट्रीय संवर्धन करना है ।

परामर्श परियोजनाएं

नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया

भारत सरकार ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को अंत: सम्बद्ध करने हेतु भारत में 'इंटरनेट एक्सचेंज' की स्थापना करने का निर्णय लिया है जो नई दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई और कोलकाता में अवस्थित होगा ।

(क) भारत में इंटरनेट एक्सचेंज केन्द्र (आईएक्सपी) की आवश्यकता

- सभी इंटरनेट सेवा केन्द्रों के बीच एकरूपता लाना
- विदेशी मुद्रा में अपेक्षाकृत कम लागत तथा बचत
- सेवा की उन्नत गुणवत्ता
- इंटरनेट प्रसार में बढ़ोत्तरी
- ई-कॉमर्स, ई-शासन बैंकिंग और अन्य ऑनलाइन कार्यों के लिए इंटरनेट के प्रयोग को विकसित करना एवं बढ़ावा देना
- आईटीईएस/बीपीओ कारोबार की सफलता को सहज बनाना
- 'डॉट इन', 'अंकीय हस्ताक्षर' तथा सरकार के अन्य प्रयासों हेतु बुनियादी अवसंरचना प्रदान करना

भारत में इंटरनेट एक्सचेंज स्थापित करने के प्रयोजनार्थ **नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया** (निक्सी) को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत निगमित किया गया है । नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया भारत में इंटरनेट सेवा केन्द्रों (आईएसपी) का संधि स्थल है । इसका मुख्य प्रयोजन समकक्ष आईएसपी सदस्यों के बीच घरेलू इंटरनेट ट्राफिक को सौंपना है ।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, एमसीआईटी ने परियोजना के कार्यान्वयन हेतु एसटीपीआई को नामनिर्दिष्ट किया है तथा एसटीपीआई को अनुदान राशि जारी की है । एसटीपीआई ने निक्सी की प्रचालन आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु रूटर्स, गिगाबिट् इथरनेट स्वीचों, सर्वरों आदि जैसी अद्यतन आधारभूत सुविधाएं प्रतिष्ठापित की हैं।

(ख) सीईआरटी – इन

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमसीआईटी), सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सौजन्य से कंप्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल-भारत (CERT-In) गठित किया गया है । यह सुनिश्चित करता है कि भारत की सूचना परिसंपत्तियां जैसे कि रणनीतिक, व्यवसायिक, वित्तीय और सरकारी सूचनाओं को आवश्यक संरक्षण उपलब्ध कराया जाए ।

मूलभूत अवसंरचना स्थापित करने का उत्तरदायित्व एसटीपीआई को सौपा गया है। यह परियोजना पूरी हो चुकी है और कंप्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल -भारत(CERT-In) को हस्तांतरित कर दी गई है।

(ग) आईएनओसी और एनआईसी के लिए वेब सेवा अवसंरचना

इस परियोजना में नेटवर्क प्रचालन केन्द्र तथा वेब सर्विसेज हाल को राष्ट्रीय सूचनाविज्ञान केन्द्र (एनआईसी), नई दिल्ली पर समेकित करने की अभिकल्पना की गयी है । इसका उद्देश्य अनुश्रवण हेतु पूरे भारत में एनआईसी नेटवर्क प्रचालन केन्द्रों को समेकित करना है । प्रस्तावित केन्द्रीभूत एनएमएस प्रणाली पूरे देश में नेटवर्क घटकों को छांटती है तथा एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली में आंकड़े समेकित किए जाते हैं । एनओसी प्रणालियां नेटवर्क घटकों के आंकड़ों की निगरानी करने और उन्हें एकत्रित करने के प्रयोजन से तैयार की जाती है जो एसएनएमपी तथा गैर-एसएनएमपी प्रोटोकॉल की सहायता करते हैं । शीर्ष स्तर पर सर्वांगीण डेटाबेस प्रतिकृति सहित एनओसी प्रचुरता की योजना तैयार की गयी है। यह आवधिक रूप से अद्यतन की जाती है और हैदराबाद में एनएमएस को पूरी तरह कार्यान्वित करती है ।

परियोजना में एसटीपीआई की भूमिका

- परियोजना प्रबंधन और परामर्श सेवाएं
- अवसंरचना को चिह्नित करना और उनकी खरीद

- नेटवर्क प्रचालन केन्द्र का एकीकरण
- नेटवर्क घटकों की निगरानी हेतु प्रदर्शन प्रणाली

राज्य सरकारों तथा सरकारी एजेंसियों के लिए परियोजना और परामर्श कार्य

(क) खजाने नेट

खजाने नेट कर्नाटक सरकार के सभी खजानों को आपस में जोड़ने की महत्वकांक्षी परियोजना है । सभी खजानों को वीसैट (अति सूक्ष्म एपार्चर टर्मिनल) का प्रयोग करके आपस में जोड़ा गया है । इस नेटवर्क में केन्द्रीयकृत हब (स्टार नेटवर्क) जो बंगलौर के खजाना भवन में स्थित है, को 215 सुदूर स्टेशनों से जोड़ा गया है । वीसैट आधारित उपग्रह नेटवर्क को आंकड़ा और ध्वनि सेवा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है ।

एसटीपीआई कार्य के क्षेत्र में चुनिंदा स्थानों पर वीसैट हब का प्रतिष्ठापन और उसे कार्यरत बनाना तथा सुदूर एककों की स्थापना शामिल है । संपूर्ण नेटवर्क के कार्य निष्पादन का नियंत्रण अद्यतन नेटवर्क प्रचालन केन्द्र (एनओसी) के एक अनुभवी कार्मिक द्वारा किया जाता है, जो 24/7 पद्धति पर कार्य करता है ।

एसटीपीआई, बंगलौर इस परियोजना के लिए परियोजना प्रबंध एवं परामर्श एजेन्सी होने के अतिरिक्त वीसैट हब प्रचालन के प्रबंध का कार्य भी करती है ।

(ख) वाणिज्यिक कर नेटवर्क

इस परियोजना में वाणिज्यिक कर विभाग, कर्नाटक सरकार के पूरे राज्य में फैली करीब 93 शाखाओं के नेटवर्किंग की अभिकल्पना की गयी है । इसका उद्देश्य सभी 93 स्थानों से दैनिक लेन-देन के आंकड़ों को वाणिज्यिक कर विभाग के बंगलौर स्थित मुख्यालय में स्थापित केन्द्रीय सर्वर पर एकत्रित और समेकन करना है । एसटीपीआई - बंगलोर ने इस परियोजना के भाग के रूप में वीसैट हब प्रचालनों का प्रबंधन करने के अलावा इस परियोजना के लिए परामर्शदात्री व परियोजना प्रबंधन एजेन्सी के रूप में कार्य किया है ।

(ग) भूमि नेटवर्क

इस परियोजना में भू-अभिलेखों की ई-संस्करण और दैनिक राजस्व संव्यवहार के आंकड़ों सहित पूरे कर्नाटक में फैले राजस्व विभाग की करीब 200 शाखाओं की नेटवर्किंग करना है ।

एसटीपीआई, बंगलौर ने शुरू में आंकड़ा प्रवाह अध्यन हेतु एक प्रायोगिक परीक्षण किया है । 10 साइट्स को क्रियाशील बना दिया गया है और सफलता पूर्वक कार्य कर रही हैं ।

(घ) सीसीसी नेटवर्क

यह परियोजना शुरू में एक प्रायोगिक स्थल पर नेटवर्किंग प्रारंभ करेगी और तत्पश्चात् पूरे कर्नाटक राज्य में 35 स्थानों पर अपना नेटवर्किंग करेगी । कर्नाटक सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग, वन विभाग, आरटीओ तथा उत्पाद विभाग के चेक पोस्ट को एक स्थान पर समेकित किया जाएगा । इसका उद्देश्य 4 विभागों के समेकित आंकड़ों का चेक पोस्ट से संबंधित मुख्यालयों तक आदान-प्रदान करना तथा चेक पोस्ट प्रणाली में संयुक्त प्रणाली का निर्माण करना है । संयुक्त चेक पोस्ट प्रणाली से प्रत्येक वाहन की जांच करने में लगने वाले समय में कमी तथा सामानों की जांच में पारदर्शिता आती है

(ड) अन्य परियोजनाएं

यूरोप स्टार और पैनमसेट के लिए सीएसएमई सुविधा

यूरोप स्टार टेलीपोर्ट सुविधा के लिए एनएमसी, सीएसएमई सुविधा (संचार प्रणाली एवं अनुश्रवण उपस्कर) के जरिये आईएसएन (भारत/नेपाल/श्रीलंका) क्षेत्रों से अधोसंपर्क

संकेतों की निगरानी के लिए एसटीपीआई, नेटवर्क प्रचालन केन्द्र, बंगलोर में स्थित है ।

यह आईपीएलसी परिपथ के जरिये टुलहाउस, फ्रांस स्थित सीएसएमई की सुविधा से जुड़ी हुई है । सीएसएमई सुविधा आईएसएन क्षेत्र पर केन्द्रित बहुगुणित उच्च शक्ति की बीम (कू-बैंड) के अनुश्रवण में सक्षम हैं और कू-बैंड यूरोप स्टार ट्रांसपोंडरों के वाहकों की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करता है ।

पैनमसेट टेलीपोर्ट सुविधा सीएसएमई सुविधा (संचार प्रणाली एवं अनुश्रवण उपस्कर) के जरिये आईओआर (हिन्द महासागर क्षेत्र) क्षेत्रों से अधोसंपर्क संकेतों की निगरानी के लिए एसटीपीआई, नेटवर्क प्रचालन केन्द्र, बंगलौर में स्थित है । एसटीपीआई उपस्करों के सह प्रतिष्ठापन के लिए सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जैसे कि स्थान, अबाधित स्थिर विद्युत आपूर्ति और वातानुकूलन उपलब्ध कराया है ।

एसटीपीआई बंगलौर पैनमसेट पीएएस-7 उपग्रह और हाल ही में हिन्द महासागर क्षेत्र (आईओआर) को कवर करने के लिए प्रक्षेपित किए गए पीएएस-10 उपग्रह के लिए सीएमएस सुविधा (वाहक अनुश्रवण प्रणाली) का समर्थन कर रहा है । एसटीपीआई बंगलौर में स्थापित सीएमएस प्रणाली से भारत पर केन्द्रित बहुगुणित उच्च शक्ति की बीम (कू-बैंड) के अनुश्रवण में सक्षम हैं और कू-बैंड पीएएस ट्रांसपोंडरों के वाहकों की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार कर सकता है । ये संगठन फुकीनो भू-केन्द्र, इटली के माध्यम से द्विगुणित होप उपग्रह संपर्क द्वारा अटलांटा में पीएएस एनओसी केन्द्र से जुड़ा हुआ है ।

एसटीपीआई कार्मिकों को सीएसएमई उपस्करों के लिए प्रशिक्षित किया गया है और 24/7 पद्धति पर उच्च स्तरीय सहायता उपलब्ध कराते हैं जिसमें अंशांकन, कार्यनिष्पादन परीक्षण आदि नियमित अनुरक्षण शामिल हैं ।

वीसैट प्रचालन – आईपी स्टार प्रौद्योगिकी

आईपी स्टार प्रौद्योगिकी में आईपी स्टार टर्मिनलों को उन सुदूर क्षेत्रों में एसटीपीआई सेवाएं प्रदान करने हेतु अंतिम छोर संपर्क के रूप में प्रयोग किया जा सकता है जहां क्षैतिज लाइनें नहीं हैं अथवा लाइनों की दशा बहुत खराब है।

एसटीपीआई गेट्वे की वाणिज्यिक आधार पर रख-रखाव हेतु आवश्यक स्थान तथा विद्युत प्रदान करने हेतु सेन्ट्रल हब के प्रबंधन और प्रचालन का कार्य कर रहा है । इस परियोजना से एसटीपीआई को अपने उपभोक्ताओं को किफायती समाधान प्रदान करने का लाभ मिलेगा ।

विपणन और व्यवसाय संवर्धन

सॉफ्टवेयर निर्यात उद्योग को पुरस्कार

सॉफ्टवेयर निर्यात उद्योग को प्रोत्साहित करने हेतु एसटीपीआई ने वर्ष 1997 से भारत में सर्वश्रेष्ठ सॉफ्टवेयर निर्यातकों के लिए पुरस्कारों की स्थापना की थी । भारत के महामहिम राष्ट्रपति डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने 13 जून 2003 को वर्ष 2000-01 और वर्ष 2001-02 के एसटीपीआई सॉफ्टवेयर निर्यात पुरस्कार अपने कर कमलों द्वारा प्रदान किए । वर्ष 2000-01 और 2001-02 के लिए राष्ट्रीय स्तर के 6 पुरस्कार और एस.एम.ई. को 5 पुरस्कार प्रदान किए ।

डिजिटल युग में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन

एसटीपीआई चेन्नई ने अन्नामलाई विश्वविद्यालय के साथ सहआयोजित **'डिजिटल युग में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन'** विषय में भाग लिया था । आईसीटी क्रान्ति के साथ, सूचना प्रौद्योगिकी अनेक नए अवसर मुहैया करा रही है जो विकासशील देशों में महिलाओं के आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण हेतु अति उपयोगी है । इस प्रकार सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र ज्ञान का प्रसार, सूचना, रोजगार इत्यादि जैसे अनेकानेक लाभ मुहैया करा रहा है ।

बंगलोर आईटी डॉट कॉम 2003

1-5 नवम्बर, 2003 के दौरान आयोजित बंगलोर आईटी डॉट कॉम 2003 कंपनियों द्वारा उपने उचित व्यवसायिक सहयोगी/साझेदार खोजने का एक बड़ा अवसर और मंच था। ये एक ऐसा अवसर था जहां विश्व के सर्वश्रेष्ठ आई. टी. विशेषज्ञ व उद्यमी प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्र तलाशने व उन पर चर्चा करने तथा नवीन समस्याओं पर प्रदर्शन हेतु एकत्र हुए थे। लगातार छह वर्षों से आयोजित किए जा रहे बंगलोर आई. टी. कॉम ने अंतराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी तथा व्यवसाय प्रक्रिया आउटसोर्सिंग समुदाय में अपना समुन्नत दर्जा हासिल कर लिया है । इस काल अवधि में यह एक बृहत्तर, बेहतर व अपेक्षाकृत और अधिक विविधीकृत मंच के रूप में उभरा है तथा ये विश्व के अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी और बीपीओ कंपनियों और विदेशी शिष्टमंडलों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है ।

एसटीपीआई बंगलोर, ने बंगलोर सूचना प्रौद्योगिकी डॉट कॉम को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई । इसने सहमेजबान और इसके आयोजक के रूप में महती उत्तरदायित्व का निर्वाह किया है । इस आयोजन ने एसटीपीआई की ख्याति तथा इसकी ब्रांड इक्विटी को काफी बढ़ाया है । एसटीपीआई बंगलोर-सूचना प्रौद्योगिकी डॉट कॉम के दौरान सम्मेलनों, आम आदमी हेतु सूचना प्रौद्योगिकी जैसी प्रदर्शनी, शासकीय सूचना प्रौद्योगिकी सक्षमता, वैश्विक आउटसोर्सिंग शिखर सम्मेलन, उत्पाद

एवं संग्रथित सॉफ्टवेयर शिखर सम्मेलन, ई-शासन शिखर सम्मेलन, टाईकॉन बंगलोर के अलावा भी विभिन्न प्रकार के अन्य आयोजनों में शामिल रहा है ।

कनवर्जेन्स इंडिया, नई दिल्ली

एसटीपीआई ने कनवर्जेन्स इंडिया नामक तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रतिभागी प्रदर्शनकारियों को इंटरनेट सहायता उपलब्ध कराकर अपनी सेवाओं का परिचय दिया । एसटीपीआई ने प्रदर्शनी में सेवाओं का प्रदर्शन किया और जिज्ञासाओं का समाधान किया ।

सुपर कॉम एशिया, नई दिल्ली

दूरसंचार और डेटा कॉम कंपनियों की सेवाओं की प्रदर्शनी से संबंधित सुपर कॉम एशिया नामक तीन दिवसीय प्रदर्शनी में एसटीपीआई - नोएडा ने भाग लिया । जिसने एक मंडप स्थापित करके सूचनात्मक प्रस्तुतीकरण, पोस्टर्स, श्रव्य - दृश्य युक्तियां और ब्राउचर्स के जरिए प्रतिभागियों, दर्शकों और भावी ग्राहकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया ।

सीबीट अमेरिका - 2003

एसटीपीआई ने संयुक्त राज्य अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए निम्नलिखित के बारे में व्यापक एवं समृद्ध अवसर उपलब्ध कराने हेतु जागरूकता पैदा करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में सीबीट अमेरिका - 2003 में भागीदारी की :

(क) भारत में ऑफशोर सॉफ्टवेयर विकास कार्य में पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देना,

(ख) भारतीय विद्वता का प्रयोग करते हुए सॉफ्टवेयर विकास में वृद्धि के लिए अमेरिकी और भारतीय कंपनियों के मध्य पारस्परिक लाभदायक व्यापार संबंधों को प्रोत्साहित करना ।

एसटीपीआई बंगलौर, ने आस्टिन, डेनेवर और संयुक्त राज्य अमेरिका के सिएटल एवं डेट्राइट शहरो में रोडशो में भाग लिया।

2003 इंडिया आउटसोर्सिंग शिखर सम्मेलन, बंगलोर

2003 इंडिया आउटसोर्सिंग शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई), **माइकेल एफ कार्बेट एण्ड एसोसिएट्स** ने किया, जो आउटसोर्सिंग के प्रमुख प्राधिकारी हैं और विख्यात आउटसोर्सिंग विश्व सम्मेलन श्रेणी और 15 तथा 16 अक्तूबर 2003 को टीएफसीआई के आयोजनकर्ता थे ।

यह सम्मेलन संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, भारत और चीन में हो रहे सम्मेलनों की श्रेणी में से एक था । एसटीपीआई इस समारोह की सहआयोजनकर्ता थी । इस समिति में भारत के 200 - 250 व्यवसायविदों के अतिरिक्त विश्व भर की फार्चून 500 कंपनियों के 50 से अधिक शीर्ष वरिष्ठ विशेषज्ञों ने भाग लिया था । औद्योगिक सम्मेलन भी आयोजित किया गया जो भारत में बीपीओ उद्योग की अच्छी सफलता के बारे में संयुक्त राज्य अमेरिका के 50 वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों को अवबोध कराने के लिए था । यह इस समारोह में संयुक्त राज्य अमेरिका की आउटसोर्सिंग कंपनियों और भारत के बीपीओ उद्योग के बीच एक उचित नेटवर्किंग मंच उपलब्ध कराया ।

इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता कई अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं, जिन्होंने व्यवसाय संभावनाओं को बढ़ाने में उद्योगों से विचार विमर्श किया है, की भागीदारी थी ।

"सूचना प्रौद्योगिकी विकास के लिए भारत - चीन सहयोग" पर संगोष्ठी

एपीसीटीटी, एशियाई और प्रशांत क्षेत्र के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग (ईएससीएपी)के तत्वधाान में एक संयुक्त राष्ट्र का क्षेत्रीय संस्थान है । एपीसीटीटी एशियाई और प्रशांत क्षेत्र में लघु एवं मझौले उद्यमियों के मध्य प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करता है । एपीसीटीटी एशियाई और प्रशांत क्षेत्र में लघु एवं मझौले उद्यमियों के मध्य प्रौद्योगिकी हस्तांतरण परिवेश को सुदृढ़ बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दानदाताओं द्वारा वित्त पोषित विकास परियोजनाओं को भी कार्यान्वित करता है ।

एशियाई और प्रशांत क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केन्द्र (एपीसीटीटी) ने उपर्युक्त सम्मेलन का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, शेनडॉन्ग राज्य और वाईफेन्ग म्यूनिसिपल सरकार के सहयोग से 26 से 27 नवम्बर 2003 के दौरान किया था । एसटीपीआई ने 'सूचना प्रौद्योगिकी विकास के लिए भारत - चीन सहयोग पर संगोष्ठी' में भाग लिया।

यह अवसर चीन में हो रहे विभिन्न विकास कार्यो का अध्यन करने और इसी के साथ अन्य एशियाई देशों के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ प्रत्यक्ष विचार विनिमय के लिए था ।

एस टीपीआई की अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाएं

ईबने साईबर सिटी परियोजना – मॉरिशस

भारत सरकार और मॉरिशस सरकार ने साईबर सिटी परियोजना के निष्पादन और इस परियोजना के लिए ईबने, मॉरिशस में संचार नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए 4 मई, 2001 को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक सारव पत्र पर हस्ताक्षर किए। भारत सरकार की ओर से एसटीपीआई एक नोडल एजेन्सी के रूप में कार्य कर रही है और मॉरिशस सरकार की ओर से बिजनेस पार्क्स ऑफ मॉरिशस लिमिटेड (बीपीएमएल) परियोजना को कार्यान्वित कर रही है।

ईबने साईबर सिटी मॉरिशस सरकार की मॉरिशस को साईबर लैंड में बदलने की एक महत्वकांक्षी परियोजना है। यह आईटी समर्थित सेवाओं, कॉल सेन्टरों, बैक ऑफिस प्रचालन कार्यों, व्यवसाय संसाधन आउटसोर्सिंग, सॉफ्टवेयर विकास, बुद्धिपरक विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित शिक्षा के व्यवसाय में लगी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक ही स्थान पर विश्वस्तरीय सुविधा है।

डेटा कॉम आधारभूत सुविधाओं में एसटीपीआई का योगदान

एसटीपीआई के अधिकारियों ने मॉरिशस में विद्यमान डेटा कॉम आधारभूत सुविधाओं का सर्वेक्षण किया। इसमें क्षेत्रों का दौरा और मॉरिशस टेलीकॉम, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, सूचना विज्ञान पार्क, टीएमसी मुक्त बंदरगाह, सॉफ्टवेयर कंपनियों, शैक्षिक संस्थानों, दूरसंचार विनियामक प्राधिकरणों आदि से बातचीत शामिल है।

ईबने साईबर सिटी के लिए डिजायन किया गया संचार नेटवर्क

- ईबने साईबर सिटी के लिए 'संचार नेटवर्क और सेवाओं' के लिए नीति पत्र तैयार करना
- संचार नेटवर्क के डिजायन और नेटवर्क डिजायन दस्तावेज तैयार करना
- नेटवर्क डिजायन के अनुरूप नेटवर्क आधारभूत सुविधाओं को तैयार करना
- एसटीपीआई ने कॅम्यूनिकेशन केबलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीसीआई) और अभिगम्यता नेटवर्क उपस्कर (एएनई) उपलब्ध कराने के लिए आरईपी तैयार की।
- एसटीपीआई ने सीसीआई और एएनई के लिए निविदाएं आमंत्रित की और बीपीएमएल के परामर्श एवं अनुमोदन से इन निविदाओं का मूल्यांकन किया।
- सीसीआई के सफल निविदाकर्ताओं का अर्थात मैसर्स टेलीकम्न्यूकेशन्स कंसलटेन्ट्स ऑफ इंडिया लिमिटेड और मैसर्स ब्लांश बर्गर कंपनी लिमिटेड, मारीशस के समवाय से एएनई – मैसर्स जीटीएल लिमिटेड, इंडिया के साथ संविदा करके साईबर सिटी के लिए संचार नेटवर्क के निर्माण की निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है।

दूरसंचार परियोजना 24 दिसम्बर, 2003 को शुरू की गई थी और दूरसंचार आधारभूत सुविधाओं के कार्यान्वयन को पूरा करने की तिथि अप्रैल, 2004 के अंत तक नियत की गई थी।

ईबने साईबर सिटी में सिविल कार्य – चरण – एक

- साईबर टॉवर एवं उपयोगिता भवन मुख्य आधारभूत कार्य हैं और सभी तलों पर चिनाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- साईबर टॉवर एवं उपयोगिता भवन में **विद्युत प्रणालियों, अग्नि सुरक्षा उपाय, बुद्धिपरक भवन प्रबंध प्रणाली (आईबीएमएस), वातानुकूलन एवं यांत्रिक वातायन, लिफ्ट** आदि का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।
- सड़क, जलापूर्ति नेटवर्क, मल व्ययन नेटवर्क, मल संग्रहण कूप, विद्युत संचालन कार्य, सड़क पर प्रकाश व्यवस्था, जल निकास कार्य और ध्वनि एवं डेटा नेटवर्क मार्ग संबंधी कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं।
- अब परियोजना पूरी हो गई है।

भारत और साइप्रस के मध्य सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग के अवसरों का पता लगाना

महानिदेशक, एसटीपीआई ने साइप्रस में 8 जनवरी, 2004 को **'भारत और साइप्रस के मध्य सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग के अवसरों का पता लगाना'** नामक विषय पर एक प्रस्तुतीकरण पेश किया । एसटीपीआई ने साइप्रस सरकार की रूचि के अनुसार साइप्रस में सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना के लिए पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन तैयार किया और प्रस्तुत किया गया ।

कोस्ट डी आईबरी में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना

भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) ने एक वरिष्ठ अधिकारी को आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत आईबरी कोस्ट सरकार में तीन महीने के लिए प्रतिनियुक्त किया है। आईबरी कोस्ट सरकार जो अपने देश में सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एसटीपीआई मॉडल का अनुकरण करने में रूचि प्रदर्शित कर रही है, को एसटीपीआई एक आदर्श संस्था हो गई है और एक प्रेरणा स्रोत है । एसटीपीआई परियोजना के मानकों का अधययन कर चुकी है और कोस्ट डी आईबरी में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के अंतिम चरण में है ।

एस टीपीआई की नई पहल : जैव सूचना प्रौद्योगिकी पार्क

जैव – सूचना प्रौद्योगिकी पार्क

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी) तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारत सरकार का आशय भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्कों (एसटीपीआई) के माध्यम से जैव सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करके भारत को स्वास्थ्य विज्ञान क्षेत्र के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी प्रतिफलनों (उत्पाद और सेवाओं) हेतु एक वैश्विक केन्द्र के रूप में विकसित करना है । इस उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का विचार एकाधिक जैव सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे । इसके अलावा ये संबंधित क्षेत्रों में निवेश (देशी और विदेशी) भी आकर्षित करेंगे ।

अवसर

जैव सूचना प्रौद्योगिकी उत्पादों व सेवाओं का कुल वैश्विक बाजार 25 बिलियन अमरीकी डॉलर का है और यह प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है । भारत में इसका बाजार 15 मिलियन डॉलर का है जिसे वर्ष 2006 तक बढ़कर 120 मिलियन अमरीकी डॉलर हो जाने की संभावना है । सूचना प्रौद्योगिकी पार्कों पर केन्द्रित ऐसे स्वास्थ्य विज्ञान के विकास तथा सबंधित क्षेत्रों में दक्षताप्राप्त वैज्ञानिक श्रम शक्ति के विकास जैसे रणनीतिक प्रयासों से विश्व बाजार में भारत की अनुमानित भागीदारी को लगभग 0.5 बिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ाया जा सकता है ।

अवधारणा

पिछले दिनों विश्व में मानव जीनोम परियोजना तथा अनेक अन्य जीवों की जीनोम परियोजनाओं में काफी प्रगति हुई है। वर्तमान में करीब सौ जीवों से सबंधित पूरी जीनोमिक सूचना उपलब्ध है । इनसे जीनोमिक्स, प्रोटेमिक्स और आण्विक जीवन विज्ञान में तीव्र वैज्ञानिक खोजों को बल मिलता है जो चिकित्सीय खोजों, रोग विशेष के लिए दवा की खोज तथा नई औषधियों और उपचार पद्धतियां विकसित करने के आधार पर काम करते हैं । क्रमबद्ध मानव जीनोम ने पहले ही जैविकीय औषधि लक्ष्यों को बढ़ा दिया है जिन्हें लगभग 500 से लेकर 30,000 से अधिक के समूहों में से खोजा जा सकता है । बहुत शीघ्र एक परंपरागत जीवन विज्ञान से जुड़ी कंपनी को अपने अनुसंधाान प्रयासों को विस्तारित करने के लिए 'पेटाबाइट्स' (10^{15} बाइट्स) आंकड़ों तक पहुंच बनाने और उनका विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी । आंकड़ों की बहुलता के अलावा गैर मानकीकृत आंकड़ा प्रपत्रों से जानकारी प्राप्त करने, वैश्विक नेटवर्कों से आंकड़े प्राप्त करने तथा आंकड़ों को सुरक्षित रखने से संबंधित चुनौतियां हैं । ये प्रतिस्पर्धात्मक लाभ उन कंपनियों को मिलता है जो परिवर्तन से प्रतिफलित अवसरों का लाभ उठाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी समाधानों का सबसे अच्छा प्रयोग कर सकते हैं ।

इन चुनौतियों का सामना करने हेतु जीवन विज्ञान कंपनियां इस नये वातावरण में सफल होने के लिए अपनी अनुसंधान पद्धतियों को पुनःपरिभाषित कर रही हैं और अपने सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी मूलभूत सुविधाओं को नए उपकरणों से सुसज्जित कर रही हैं । पारंपरिक त्रुटि एवं सुधार के विधि के स्थान पर परिष्कृत ऑटोमेशन और कंप्यूटर सिमुलेशन पर आधारित अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी पूर्व अनुमान विज्ञान तेजी से अपनी जगह बना रहा है ।

नए उभरते जीवन विज्ञान अन्वेषण मॉड्लों में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला उत्पादकता और 'विपणन हेतु समय' के लिए महत्वपूर्ण हैं । मुख्य मुद्दे निम्नलिखित हैं:

(क) सुरक्षा बनाए रखते हुए वैश्विक संसाधनों संबंधी सूचनाओं की भागीदारी और उनकी एकत्रीकरण

(ख) विविध वैज्ञानिक क्षेत्रों से आंकड़ों की पुनःप्राप्ति और उनको समेकित करना

(ग) नया सॉफ्टवेयर विकसित किए बगैर अथवा सॉल्यूशन के पूर्ण रूपेण पुनर्स्थापना के बिना ही नए आंकड़ा स्रोतों को जोड़ना

(घ) औद्योगिक अनुरूपी प्रयोगशाला गतिविधियों से सतत प्रायोगिक आंकड़ा (दिन में 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन) प्राप्त करना

(ड) आंकड़ा संचय (डेटा बेस बेयरहाउस) का निर्माण और प्रबंध किए बगैर आंकड़ों तक निरंतर तात्कालिक पहुंच संभव बनाना

(च) प्रयासों को संकेन्द्रित करने के लिए ऐसे अनुसंधान दलों के मध्य सहभागिता हेतु नए रास्तों का विकास करना जो अनुसंधान का मिलजुल कर उपयोग करना चाहते हैं।

